बैंक ऑफ महाराष्ट्र प्रधान कार्यालय लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे- 5		BANK OF MAHARASHTRA Head Office LOKMANGAL,1501, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
निवेशक सेवाए विभाग/ Investor Services Department		
टेली/TELE: 020 25511360 ई-मेल / e-mail: investor_services@mahabank.co.in		

AX1/ISD/STEX/2018-19 **Date: 22.06.2018**

The General Manager,
Department of Corporate Services,
BSE Ltd.,
P.J Towers,
Dalal Street, Fort,
Mumbai - 400 001

The Vice President,
Listing Department,
National Stock Exchange Of India Ltd,
Exchange Plaza,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (East), Mumbai - 400 051

Ref: BSE Scrip Code: 532525 / NSE Scrip Code: MAHABANK-EQ

Dear Sir/ Madam,

Sub: Annual Report for financial year 2017-18.

Pursuant to Regulation 34 of SEBI (Listing Obligations and Disclosures Requirements) Regulations, 2015, please find the enclosed Annual Report of Bank for financial year 2017-18, duly approved and adopted by the Shareholders of Bank in 15th Annual General Meeting (AGM) held on 21st June, 2018 at Pune.

We request you take the same on your record.

Thanking you.

Yours faithfully,

(Chandrakant Bhagwat)
Company Secretary

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ★ निवेशक सेवाएँ विभाग ★ प्रधान कार्यालय, पुणे-5

Encl: As above

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम

एक परिवार एक बैंक

उत्कृष्टता और विश्वास की मज़बूत बुनियाद पर प्रगति की ओर

Growth on the Strong Foundation of Quality & Trust



वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

2017-2018

अनुक्रमणिका INDEX

क्र. No.	विषय सूची	Contents	पृठ क्र. Page No.
1.	निदेशक मंडल	Board of Directors	2
2.	महाप्रबंधकगण	General Managers	3
3.	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का कथन	Statement of Managing Director & CEO	4
4.	प्रगति एक नज़र में	Progress at a glance	7
5.	निदेशकों की रिपोर्ट	Directors' Report	8
	- प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण	- Management Discussion and Analysis	8
	- वर्ष 2017-18 का कार्य निष्पादन	- Performance in 2017-18	8
	- बैंक की महत्वपूर्ण योजनाएं / परियोजनाएं	- Important Schemes/Projects of the Bank	20
	- निगमित सामाजिक दायित्व	- Corporate Social Responsibility	22
	- अग्रणी बैंक योजना	- Lead Bank Scheme	22
	- सहायक कंपनियां/संयुक्त उद्यम और प्रायोजित संस्थाएं	- Subsidiaries/Joint Ventures and Sponsored Institutions	24
	- राजभाषा नीति का कार्यान्वयन	- Implementation of Official Language Policy	25
	- निदेशकों की जिम्मेदारी का कथन	- Directors' Responsibility Statement	26
	- निदेशक मंडल में परिवर्तन	- Changes in the Board of Directors	26
	- आभार	- Acknowledgements	27
6.	कार्पोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट	Corporate Governance Report	28
7.	तुलनपत्र	Balance Sheet	52
8.	लाभ व हानि लेखा	Profit & Loss Account	53
9.	महत्वपूर्ण लेखा नीतियां	Significant Accounting Policies	63
10.	खातों पर टिप्पणियां	Notes on Accounts	69
11.	नकदी प्रवाह का विवरण	Cash Flow Statement	99
12.	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	Auditors' Report	101
13.	बेसल III प्रकटन	Basel III Disclosures	103
14.	समेकित वित्तीय विवरण	Consolidated Financial Statements	135
15.	व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट	Business Responsibility Report	166

15 वीं वार्षिक साधारण बैठक का नोटिस संलग्न
NOTICE FOR 15TH ANNUAL GENERAL MEETING ENCLOSED

सांविधिक लेखा परीक्षक STATUTORY AUDITORS

कोठारी एंड कंपनी सनदी लेखाकार	सीएमआरएस एंड एसोसिएट्स, एलएलपी सनदी लेखाकार	पी पारिख एंड एसोसिएट्स सनदी लेखाकार	एम डी गुजराती एंड कंपनी सनदी लेखाकार
KOTHARI & Co Chartered Accountants	**CMRS & Associates,LLP** Chartered Accountants	**P Parikh & Associates** Chartered Accountants	**M D Gujrati & Co** Chartered Accountants

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

(**प्रधान कार्यालय :** 'लोकमंगल', 1501, शिवाजीनगर, पुणे 411 005)
(Head Office: 'Lokmangal', 1501, Shivajinagar, Pune - 411 005)

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

31-03-2018 की स्थिति के अनुसार / As on 31-03-2018



श्री आर. पी. मराठे
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Shri R. P. Marathe
Managing Director & CEO



श्री आर. के. गुप्ता
कार्यपालक निदेशक

Shri R. K. Gupta
Executive Director



श्री ए. सी. राउत
कार्यपालक निदेशक

Shri A. C. Rout
Executive Director



श्रीमती वंदिता कौल
Smt. Vandita Kaul



श्री जी. श्रीकुमार
Shri G. Sreekumar



श्री आर. तामोधरन
Shri R. Thamodharan



डॉ. अर्चना आर. धोलकिया
Dr. Archana R. Dholakia



श्री दीनदयाल अग्रवाल
Shri Deendayal Agrawal

महाप्रबंधकगण / GENERAL MANAGERS

31-03-2018 की स्थिति के अनुसार / As on 31-03-2018



श्री पी. एन. देशपांडे
Shri P. N. Deshpande



श्री राजकिरण भोईर
Shri Rajkiran Bhoir



श्री आर. एच. फडणीस
Shri R. H. Phadnis



श्री टी. वी. रमण मूर्ती
Shri T. V. Raman Murthy



श्री रमेश बी. क्षीरसागर
Shri Ramesh B. Kshirsagar



श्रीमती नलिनी श्रीरामन
Smt. Nalini Shriraman



श्री वसंत म्हस्के
Shri Vasant Mhaske



डॉ. एन. मुनिराजु
Dr. N. Muniraju



श्री एन. राम बाबु
Shri N. Ram Babu



श्री आर. पी. मराठे
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

Shri R. P. Marathe
Managing Director & CEO

प्रबंध निदेशक एवं सीईओ का कथन

प्रिय शेयरधारकों,

मैं आपके बैंक की 15वीं वार्षिक साधारण बैठक में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। पिछले दो वर्षों के दौरान आस्ति गुणवत्ता के ह्रास, पूंजी बाध्यताएं और जालसाजियों के चलते बैंकिंग उद्योग चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहा है जिसके परिणामस्वरूप लाभप्रदता पर दबाव बढ़ रहा है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र के कुल बैंकों में से आधे बैंकों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के अंतर्गत लाया है। इन समस्त चुनौतियों और अभिशासन के मुद्दों ने बैंकिंग क्षेत्र पर आघात किया है। वर्तमान घटनाक्रम के परिप्रेक्ष्य में आपके बैंक का नेतृत्व करना तथा न केवल भारत सरकार, जिसने इस संस्था के नेतृत्व का उत्तरदायित्व मुझे सौंपा है, बल्कि बहुसंख्य ग्राहकों, जिन्होंने इस चुनौतीपूर्ण समय में भी बैंक ऑफ महाराष्ट्र को नि:संदेह रूप से अपना सहयोग देना जारी रखा है, की अपेक्षाओं को पूरा करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

दिसंबर, 2017 हेतु चीन के 6.80% की तुलना में 7.20% प्रति वर्ष की तिमाही वृद्धि दर दर्ज करते हुए भारत सर्वाधिक तेजी से वृद्धि करती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आ रहा है। 2.6 ट्रिलियन यूएस डॉलर की नॉमिनल जीडीपी के साथ भारत अब यूएस, चीन, जापान, जर्मनी और यूके के बाद छठवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। क्रय शक्ति समता (पर्चेसिंग पॉवर पैरिटी) के अनुसार हम 9.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर की जीडीपी के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। विमुद्रीकरण और जीएसटी के कार्यान्वयन से प्राप्त दोहरे बड़े झटकों से उबरकर अब तेजी से वृद्धि हो रही है और शीघ्र ही वित्तीय वर्ष 2018-19 में यह 7.40% की वृद्धि प्राप्त करने हेतु अग्रसर है।

विनिर्माण क्षेत्र वापस ट्रैक पर आ गया है और निजी निवेश में भी वृद्धि के संकेत प्रदर्शित हुए हैं। मुद्रास्फीति भी अपेक्षित सीमा के भीतर है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत विश्व बैंक की अपेक्षा के तहत व्यापार अनुकूलता के अनुसार अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए 138 से 100वें स्थान पर आ गया है।

सरकार भी भारत की वृद्धि का हिस्सा बनने वाले सभी क्षेत्रों के स्वरूप के साथ इस वृद्धि को समरूप बनाने हेतु हरसंभव कदम उठा रही है। कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थ तथा भारत की सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा बहुत से उपाय घोषित किए गए हैं। पिछले वर्ष घोषित पूंजी सहयोग कार्यक्रम के साथ बैंकिंग क्षेत्र का भी कार्यक्षम होना

STATEMENT OF MANAGING DIRECTOR & CEO

Dear Shareholders,

I extend a very warm welcome to each one of you to the 15th Annual General Meeting of your Bank. During past couple of years, banking industry is passing through challenging times, with asset quality deterioration, capital constraints and frauds, resulting in pressure on profitability. Half of the Public Sector Banks have been placed under Prompt Corrective Action (PCA) by RBI. All these challenges and the governance issues have dealt a significant blow to the banking sector. In the realm of current happenings, it has been a challenging task to lead your Bank and to come up to the expectations of not only the Government of India which has entrusted me with the responsibility to lead this Institution but also the numerous customers who have undoubtedly continued to support Bank of Maharashtra in these challenging times.

Today, India is seen as the fastest growing economy recording a quarterly growth rate of 7.20% p.a. for December 2017 against China's 6.80%. At nominal GDP of US $ 2.6 Trillion, India is the sixth largest economy after US, China, Japan, Germany & U.K. In terms of purchasing power parity, we are the third largest economy with GDP of US $ 9.5 Trillion. Bouncing back from the twin mega setbacks received from demonetization and GST implementation; growth is picking up fast and soon poised to attain 7.40% in FY 2018-19.

Manufacturing sector is back on track and private investment is also showing signs of pick-up. Inflation is also within the expected range. In the ease of doing business, India has improved its ranking from 138 to 100, in terms of business friendliness, as perceived by the World Bank.

Government is also taking all steps to make this growth egalitarian in nature with all the sectors becoming part and parcel of India's growth story. A series of measures have been announced by the Government for the benefit of agriculture and rural sectors and for ensuring a healthy India. Banking sector is also expected to be on its feet with the capital support program announced last year. The credit growth which

अपेक्षित है। ऋण वृद्धि जो कि पिछले 61 वर्षों में अपने न्यूनतम स्तर पर थी उसमें वर्धित घरेलू मांग के आधार पर 10% का सुधार होना अपेक्षित है।

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु आपके बैंक के कार्यनिष्पादन के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण विशिष्टताएं मैं आपके समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें विगत 12 माह का विश्लेषण करने और भविष्य की योजनाओं की ओर उन्मुख होने का अवसर प्रदान करता है।

वर्ष 2017-18 के दौरान आपके बैंक का कार्यनिष्पादन

सभी संस्थानों ने उतार-चढ़ाव का समय देखा है और बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी कोई अपवाद नहीं है। अनर्जक आस्तियों में वृद्धि की वजह से, उल्लेखनीय रूप से उच्च प्रावधान के कारण वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने हानि दर्ज की। मेरा अभिमत है कि प्रतिकूलता सकारात्मक बदलाव लाती है और पुरानी प्रक्रियाओं और प्रणालियों पर पुनर्विचार करने का एक अवसर भी प्रदान करती है। यह किए जा रहे कार्य के तरीकों पर ध्यान देती है और तेजी से बदलते परिचालन परिदृश्य में त्वरित परिवर्तन लाने हेतु विचार प्रक्रिया को उत्प्रेरित करती है। यह भी निश्चित रूप से, एक प्रमुख कारण है कि वर्ष 2017-18 के दौरान विभिन्न नई पहलें आरंभ की गईं।

आपके बैंक को सरकार से पूंजी सहयोग भी प्राप्त हुआ है और सरकार के सुधार कार्यक्रम तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन से इसका शीघ्र ही लाभ की स्थिति में वापस आना अपेक्षित है। वर्तमान चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से बैंक ने अपनी रणनीतियां तैयार की हैं यथा अनर्जक आस्तियों की आक्रमक वसूली, कासा संवर्धन और रिटेल संविभाग के पक्ष में अग्रिमों का पुनर्संतुलन। मुझे आशा है कि सभी के संयुक्त प्रयासों से महाबैंक ग्राहक केन्द्रित लाभप्रद बैंक बनेगा।

आपके बैंक का 1846 शाखाओं का शाखा नेटवर्क है, जिसमें से 1043 शाखाएं ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। बैंक की देश भर में सभी राज्यों में उपस्थिति है। बैंक का 1864 एटीएम का नेटवर्क भी है। बैंक के पास 12932 प्रतिबद्ध और समर्पित कार्य-बल है।

न्यून ऋण उठाव और रिटेल ऋणों पर ध्यान के साथ ही बैंक ने जमाराशि की लागत को बनाए रखा है। कासा जमाराशियों का 47.74% का हिस्सा उद्योग के सर्वोच्च में से एक है। वसूली, कोटि उन्नयन और बट्टे खाते में डालने के माध्यम से अनर्जक आस्तियों में कुल कमी 2016-17 के रु.2316 करोड़ से बढ़कर 2017-18 में रु.4490 करोड़ हो गई। नकद वसूली वर्ष 2016-17 के रु.876 करोड़ की तुलना में रु.1961 करोड़ हो गई। आपके बैंक ने कॉमन ईक्विटी टीयर 1 पूंजी को पर्याप्त बनाए रखा और कुल सीआरएआर मानदंडों से अधिक रखा। कार्यनिष्पादन की अन्य विशिष्टताएं निम्नानुसार रहीं :

- 31.03.2018 को कुल व्यवसाय रु.233626 करोड़ रहा।
- 31.03.2018 को कुल जमाराशियां रु.138981 करोड़ रहीं और सकल अग्रिम रु.94645 करोड़ रहे।
- कासा जमाराशियों में 6.29% (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) की वृद्धि हुई और 31 मार्च, 2018 को यह रु.66345 करोड़ रही। कासा जमाराशियां कुल जमाराशियों का 47.74% हैं।
- रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 4.78% वृद्धि हुई और 31.03.2018 को यह रु.16547 करोड़ रहे।
- जमाराशियों की लागत विगत वर्ष के 6.05% से वर्ष-दर-वर्ष आधार पर कम होकर 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु 5.31% रही। चौथी तिमाही में जमाराशियों की लागत 5.01% रही जो कि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 74 बीपीएस की कमी दर्शाती है।
- निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के 2.16% से सुधरकर मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष में 2.32% रहा।
- मार्च, 2018 हेतु परिचालनगत लाभ 20% की वृद्धि प्रदर्शित करते हुए रु.1827 करोड़ से सुधरकर, रु.2191 करोड़ रहा।
- 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए निवल हानि रु.1146 करोड़ रही (31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष हेतु रु.1373 करोड़ की निवल हानि के तुलनात्मक)।
- सकल एनपीए और निवल एनपीए क्रमशः 19.48% (रु.18433 करोड़) और 11.24% (रु.9641 करोड़) रहे।
- बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च, 2018 को 11.00% रहा, जो कि बेसल-III मानदंडों के अनुसार 10.875% के अपेक्षित स्तर से अधिक है। सीइटी 1 अनुपात न्यूनतम अपेक्षित 7.375% की तुलना में 8.97% रहा।

was at its lowest in the past 61 years is expected to improve to 10% based on increased domestic demand.

Let me now place before you some of the key features about your Bank's performance for the year ended 31st March 2018. This is an important occasion, giving us an opportunity to revisit past 12 months and look ahead to our future plans.

Performance of your Bank during 2017-18.

All institutions have had their ups and downs and Bank of Maharashtra is no exception. Bank has registered loss during financial year 2017-18, owing to significantly high provisioning on account of increase in NPAs. My view is that, adversity brings about positive changes and provides an opportunity to have a re-look at age old processes and systems. It questions the way things are being done and catalyses the thought process for bringing about quick changes in the light of fast changing operating environment. This is precisely the reason for various new initiatives which have been introduced during 2017-18.

Your Bank has also received capital support from Government and is expected to be back in profit soon under the guidance of RBI and Government's reform program. In order to overcome present challenges, Bank had embarked upon strategies, i.e. aggressive NPA recovery, augmenting CASA and rebalancing of advances in favour of retail portfolio. I hope with joint efforts of all, Mahabank will become customer focused profitable Bank.

Your Bank has a branch network of 1846 branches of which 1043 branches are located in rural and semi urban areas. Bank has PAN India presence in all states. Bank has also ATM network of 1864. Bank has committed and dedicated work force of 12932.

In keeping with the low credit off take and focus on retail loans, Bank has continued to contain the cost of deposit. The share of CASA deposit at 47.74% is one of the best in the Industry. The total reduction in NPAs by a way of recovery, upgradation, and write off has increased from Rs.2316 Crore in 2016-17 to Rs.4490 Crore in 2017-18. Cash recovery is Rs.1961 crore as compared to Rs.876 crore during 2016-17. Your Bank has maintained adequate common Equity Tier I Capital and total CRAR above norms. Other highlights of performance are as under:

- Total business stood at Rs.233626 crore as on 31.03.2018.
- As on 31.03.2018 total deposits stood at Rs.138981 crore & Gross advances at Rs.94645 crore.
- CASA deposits increased by 6.29% (Y-o-Y), to Rs.66345 crore as on March 31, 2018; constituting 47.74 % of total deposits.
- Retail advances grown by 4.78% Y-o-Y and stood at Rs.16547 crore as on 31.03.2018.
- Cost of deposits has come down on Y-o-Y basis to 5.31% for year ended 31st March 2018 from 6.05% a year ago. Cost of deposits in Q4 was 5.01%, showing a reduction of 74 bps Y-o-Y.
- Net Interest Margin (NIM) improved to 2.32% in year ended March 2018 from 2.16% in year ended March 2017.
- Operating profit for March 2018 stood at Rs.2191 crore, improved from Rs 1827 crore showing a rise of 20%.
- Net loss for the year ended March 31, 2018 was Rs.1146 crore (as compared to net loss of Rs.1373 crore in year ended March 31, 2017).
- Gross NPAs and Net NPAs stood at 19.48% (Rs.18433 crore) and 11.24% (Rs.9641 crore).
- Bank had Capital Adequacy ratio of 11.00% as on 31st March 18, above the required level of 10.875% as per Basel III norms. CET 1 ratio stood at 8.97% as against minimum required 7.375%.

वर्ष के दौरान बैंक ने नई कारोबार पहलें की जो कि निम्नानुसार हैं:

- बैंक ने किसान उत्पादक संघों (एफपीओज) को वित्तीयन के लिए ऋण गारंटी प्राप्त करने हेतु कृषि मंत्रालय के अंतर्गत पंजीकृत लघु किसान कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) सोसाइटी के साथ गठजोड़ किया है।
- बैंक ने वेब पोर्टल 'http://www.myloanassocham.com' के माध्यम से एमएसएमई आवेदनों की प्राप्ति के लिए एसोचेम के साथ भागीदारी की है।
- बैंक ने जीवन बीमा व्यवसाय में दो और भागीदारों यथा, मेसर्स अवीवा लाइफ इन्श्योरेन्स कंपनी और मेसर्स रिलायन्स निप्पॉन लाइफ इन्श्योरेन्स कंपनी के साथ गठजोड़ किया है।
- संपूर्ण बैंक में विभिन्न स्थानों पर 400 स्व अद्यतन पासबुक प्रिंटर कियॉस्क और 106 बंच नोट एक्सेप्टर मशीनों का बैंक ने कार्यान्वयन किया है।
- सीबीएस के साथ स्विफ्ट एसटीपी का समन्वय पूर्ण किया और उसे लाइव किया है।
- बैंक ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान 9.29 लाख नए पीएमजेडीवाई खाते खोले।
- बैंक भीम आधार पे भुगतान चैनल का सक्रिय रूप से प्रचार कर रहा है और 28104 मर्चेन्ट्स ऑन-बोर्ड हैं।
- बैंक ने सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) का कार्यान्वयन किया है जिसका उपयोग सरकारी एजेंसियों द्वारा सीधे प्राप्तिकर्ता के बैंक खाते में भुगतान करने हेतु किया जाता है। 31.03.2018 को पीएफएमएस के अंतर्गत बैंक के पास 39395 खाते थे और इन खातों में रु.2641.70 करोड़ कुल शेष था।
- डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) की विशेष परियोजना के अंतर्गत बैंक ने पुणे नगर निगम को 99,764 प्री पेड कार्ड जारी किए ताकि वे अध्ययन सामग्री/यूनिफॉर्म की खरीदी कर सकें। नागपुर नगर निगम के संबंध में 20,000 कार्ड जारी किए गए।
- बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय डेबिट कार्डों के लिए वीजा के साथ और रुपे डेबिट कार्डों के लिए एनपीसीआई के साथ सहभागिता की है। वर्तमान ग्राहकों को मैग्नेटिक स्ट्रिप कार्डों के स्थान पर ईवीएम चिप डेबिट कार्ड जारी किए जा रहे हैं ताकि ग्राहक सुरक्षित संव्यवहार कर सकें।
- एक वेब आधारित पोर्टल के माध्यम से कृषि ऋण राहत के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज शेतकरी सम्मान योजना, 2017 का कार्यान्वयन। बैंक को योजना के कार्यान्वयन के लिए स्कॉच अवार्ड प्रदान किया गया।
- बैंक ने स्वप्रेरित गैर-भेदभावपूर्ण और गैर-विवेकाधीन एकबारगी निपटान (ओटीएस) योजनाओं यथा 'घर घर दस्तक योजना', 'महामुक्ति' और 'महाबैंक कर्जमुक्ति योजना' का कार्यान्वयन किया है।

भविष्य की ओर

हम वसूली मार्ग पर भारतीय अर्थव्यवस्था के साथ नये रुपांतरण चरण की ओर अग्रसर हैं, अतः मुझे विश्वास है कि बैंक वित्तीय वर्ष 2018-19 में कायाकल्प करते हुए रूपांतरित होगा।

मुख्य रूप से हमारा ध्यान अर्जनों और आस्तियों की सुधारित गुणवत्ता के साथ सतत और समावेशी वृद्धि के लिए बैंक को तैयार करना है। व्यक्ति, प्रक्रियाओं, उत्पादों और तकनीक पर रणनीतिक ध्यान हमें वर्तमान चुनौतीपूर्ण स्थिति से उबरने में सहायक होगा और आने वाले वर्षों में वृद्धि के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगा।

मैं अपने सभी सम्माननीय शेयरधारकों से उनके सतत सहयोग और संरक्षण की अपेक्षा करता हूं।

आर. पी. मराठे
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ

During the year, your Bank had taken new business initiatives as under:

- Bank has made tie-ups with Small Farmers Agriculture Business Consortium (SFAC) a, society registered under Ministry of Agriculture for availing credit guarantee for financing to Farmer Producer Organizations (FPOs).
- Bank has partnered with ASSOCHAM for sourcing MSME proposals through web portal "https://www.myloanassocham.com"
- Bank has tied up with two more partners in life insurance business i.e. M/s Aviva Life Insurance Company and M/s Reliance Nippon Life Insurance Company.
- Bank has implemented 400 Self Update Pass Book Printer Kiosks & 106 Bunch Note Acceptor Machines at various locations across the Bank.
- SWIFT STP integration with CBS is completed and made live.
- Bank has opened 9.29 lakh new PMJDY accounts during this financial year.
- Bank is actively promoting BHIM Aadhaar Pay payment channel and 28104 Merchants are on-boarded.
- Bank has implemented Public Financial Management System (PFMS) which is used by Government Agencies to make payments directly into the recipients Bank Account. As on 31/03/2018, Bank had 39395 Accounts under PFMS & the Total Balance in these accounts was Rs.2641.70 Crore
- Bank under special project of DBT (Direct Benefit Transfer) had issued 99,764 Prepaid Cards to Pune Municipal Corporation to enable them to make purchases of study materials/ uniforms. In respect of Nagpur Municipal Corporation 20,000 cards were issued.
- Bank has collaborated with VISA for International Debit Cards and with NPCI for Rupay Debit Cards. EMV Chip Debit Cards are being issued to existing customers in place of Magnetic Stripe Cards to enable customers to have secured transactions.
- Implementation of Chatrapati Shivaji Maharaj Shetkari Sanman Yojana 2017 for farm loan waiver through a web based portal. Bank has been awarded SKOCH Award for implementing the scheme.
- Bank has implemented Suo Motu non-discriminatory and non-discretionary One Time Settlement(OTS) Schemes Viz. "Ghar Ghar Dastak Yojana", "MahaMukti" and "Mahabank Karjmukti Yojana.

Way forward

As we embark upon new transformation phase with the Indian economy on the path of recovery, I am confident that Bank will be turned around in the FY 2018-19.

Our main focus is to make the Bank ready for sustainable and inclusive growth with improved quality of assets and earnings. Strategic focus on people, processes, products and technology will help to overcome from present critical situation and provide a strong foundation for growth in years to come.

I look forward to all esteemed shareholders for your continuing support and patronage.

R. P. Marathe
Managing Director & CEO

प्रगति एक नजर में Progress at a Glance

(₹ करोड़ में) (₹ in Crore)

	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
प्रदत्त पूंजी Paid up Capital	1427	1063	1168	1168	2598
आरक्षितियां Reserves	5941	7004	7619	6211	7346
कुल जमाराशियां Total Deposits	**116803**	**122119**	**138990**	**139053**	**138981**
वृद्धि % Growth %	23.61	4.55	13.82	0.05	(0.05)
कुल जमाराशियों में कासा का अंश CASA Share in Total deposits	35.89	37.09	36.67	44.89	47.74
अग्रिम Advances	**90369**	**101210**	**111240**	**101537**	**94645**
वृद्धि % Growth %	18.29	12.00	9.91	(8.72)	(6.79)
रिटेल अग्रिम Retail Advances	10769	11817	12568	15792	16547
प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम Priority Sector Advances	**34826**	**39095**	**41485**	**40388**	**40709**
कृषि Agriculture	13091	15521	17175	17960	17199
सूक्ष्म व लघु उद्यम Micro and Small Enterprises	**18597**	**20657**	**22144**	**20419**	**15940**
अल्पसंख्यक वर्ग को अग्रिम Advances to Minority Sections	2265	3264	3037	2921	2887
अजा/अजजा वर्ग को अग्रिम Advances to SC / ST Sections	1512	1643	1684	1738	2333
निर्यात ऋण Export Credit	1949	1301	1226	1213	1210
कुल आय Total Income	12851	13671	14072	13570	12602
कुल व्यय Total Expenditure	10845	11316	11727	11743	10411
परिचालन लाभ Operating Profit	2006	2355	2345	1827	2191
निवल लाभ Net Profit	386	451	101	(1373)	(1146)
शाखाओं की संख्या Number of Branches	1854	1880	1895	1897	1846
एटीएम की संख्या Number of ATMs	1827	1849	1861	1878	1864
प्रमुख निष्पादन अनुपात (%) Key Performance Ratios (%)					
पूंजी पर्याप्तता अनुपात-बेसल II(%) Capital Adequacy Ratio- Basel II (%)	10.79	11.94	11.2	11.18	11.00
प्रति शेयर आय Earning Per Share	4.56	4.5	0.91	(11.75)	(8.98)
प्रति शेयर बही मूल्य Book Value Per Share	66.69	65.61	63.36	46.96	23.73
प्रति कर्मचारी व्यवसाय Business Per Employee	14.39	15.74	18.18	18.54	18.07
प्रति कर्मचारी लाभ (₹ लाख में) Profit Per Employee (₹ in lakhs)	2.68	3.18	0.73	(10.58)	(8.86)
औसत आस्तियों पर आय Return on Average Assets	0.3	0.33	0.07	(0.86)	(0.73)
लागत आय अनुपात Cost to Income Ratio	54.43	51.75	52.12	60.98	55.24
सकल अनर्जक आस्ति अनुपात Gross NPA ratio	3.16	6.33	9.34	16.93	19.48
निवल अनर्जक आस्ति अनुपात Net NPA ratio	2.03	4.19	6.35	11.76	11.24
प्रावधान कवरेज अनुपात Provision Coverage Ratio	56.15	46.57	45.04	44.48	58.71
ऋण- जमा अनुपात Credit- Deposit ratio	77.37	82.88	80.03	73.02	68.10
एएनबीसी को प्राथमिकता ऋण Priority Credit to Adjusted Net Bank Credit	44.03	41.76	39.82	34.99	38.63

निदेशकों की रिपोर्ट

आपके निदेशक 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ व हानि खाते और व्यवसाय एवं परिचालन पर रिपोर्ट के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष सहर्ष प्रस्तुत करते हैं।

1. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1.1 आर्थिक और बैंकिंग परिदृश्य 2017-18:

वैश्विक आर्थिक विकास 2016-2017 के मात्र 2.4 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले एक सार्थक तेजी से वर्ष 2017-2018 में, 3.0 प्रतिशत तक और 2011 के बाद से वैश्विक विकास की उच्चतम दर तक पहुंचने का अनुमान है. देशों के एक व्यापक स्पेक्ट्रम में श्रम बाजार संकेतक में लगातार सुधार हो रहा है.

केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और उम्मीद है कि अपने मजबूत लोकतंत्र और साझेदारी से यह अगले 10-15 वर्षों में यह दुनिया की शीर्ष तीन आर्थिक शक्तियों में से एक हो जाएगा.

2017-18 में भारत के जीडीपी का 6.6 प्रतिशत बढ़ना संभावित है और 2018-19 में 7.40 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है. उच्च एफडीआई को आकर्षित करने के लिए विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड के उन्मूलन हेतु कदम उठाए गए हैं और एफडीआई नीति में सुधार किया गया है.

वित्तीय वर्ष के दौरान जीएसटी कार्यान्वयन और विमुद्रीकरण जैसी पहलों के बावजूद भारत के विकास की कहानी सुदृढ़ रही है. भारत सरकार की बैंक पुनर्पूंजीकरण योजना से देश में ऋण वृद्धि 10 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है.

1.2 2018-19 के लिए आउटलुक

मजबूत गतिविधि और सुदृढ़ वैश्विक मांग के कारण 2018 और 2019 के लिए वैश्विक विकास पूर्वानुमान को 0.2 प्रतिशत प्वाइंट उर्ध्वगामी संशोधित कर क्रमशः 3.9 प्रतिशत और 4.0 प्रतिशत किया गया है. अल्पकालिक फोकस से स्थानांतरित करने के लिए जो कि संकट का सामना करने, लंबी अवधि की चुनौतियों का सामना करने और विकास के लिए जड़ कर गई बाधाओं को दूर करने के प्रति अनिवार्य हिस्सा है, नीति निर्माताओं हेतु वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों में सुधार अधिक अवसर प्रदान करता है.

घरेलू मोर्चे पर, आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि लगभग 4.96% मुद्रास्फीति के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 19 में 7.4% और वित्तीय वर्ष 2020 में 7.8% की वृद्धि अपेक्षित है. यह अपेक्षित है कि सुदृढ़ ऋण वृद्धि और खपत मांग के समर्थन से निवेश गतिविध की मजबूती के साथ आर्थिक गतिविधि में तेजी आए. पुनर्मुद्रीकरण और न्यून उधारी लागतों से निजी उपभोग व्यय में बढ़ोत्तरी होने की अपेक्षा है. तथापि, कच्चे मूल्यों में वृद्धि इसमें बाधा डाल सकती है.

यूनियन बजट 2018 यह बिग-टिकट आर्थिक सुधारों यथा वस्तु एवं सेवा कर, ऊर्जस्वी इंधन मूल्यन तथा मेगा पीएसयू बैंक पुनर्पूंजीकरण के उपरांत पहला बजट है. ऑपरेशन ग्रीन का आरंभ, वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दुगुना करना, मेक-इन-इंडिया उत्पादों पर ध्यान, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देना तथा किफायती आवास तथा पूंजी व्यय में बढ़ोत्तरी के संबंध में यूनियन बजट 2018-19 के विभिन्न प्रस्ताव वृद्धि के उत्प्रेरक बनेंगे.

भारतीय दिवालिया और शोधन अक्षमता कोड 2016 में संशोधन तथा वित्तीय संकल्प व जमा बीमा बिल के पारित होने से भी बैंकिंग क्षेत्र का लाभान्वित होना अपेक्षित है और फिनटेक कंपनियों द्वारा कृत्रिम मेधा तथा ब्लॉकचेन तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाकर नवोन्मेष किया जा रहा है.

2. कार्य-निष्पादन विशेषताएं 2017-18

उच्च निवल एनपीए के कारण जून 2017 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आपके बैंक को प्राम्ट करेक्टिव एक्शन (पीसीए) के अंतर्गत रखा गया. तत्पश्चात बैंक ने अपनी स्थिति को सुधारने के लिए वि.व.17-18 हेतु निगरानी योग्य कार्रवाई योजना तैयार की है.

DIRECTORS' REPORT

Your Directors have pleasure in presenting the Annual Report of the Bank with the audited Balance Sheet, Profit & Loss Account and the Report on Business and Operations for the year ended March 31, 2018.

1. MANAGEMENT DISCUSSION AND ANALYSIS

1.1 Economic and Banking Scenario 2017-18:

In 2017-2018, global economic growth is estimated to have reached 3.0 per cent, a significant acceleration compared to growth of just 2.4 per cent in 2016-2017, and the highest rate of global growth recorded since 2011. Labour market indicators continue to improve in a broad spectrum of countries.

India has emerged as the fastest growing major economy in the world as per the Central Statistics Organisation (CSO) and International Monetary Fund (IMF) and it is expected to be one of the top three economic powers of the world over the next 10-15 years, backed by its strong democracy and partnerships.

India's GDP is estimated to have increased 6.6 per cent in 2017-18 and is expected to grow 7.40 per cent in 2018-19. Steps to abolish of Foreign Investment Promotion Board and reforms in FDI policy have been taken to attract higher FDI.

India's growth story remain robust despite disruptions during this financial year like GST Implementation and Demonitization. The bank recapitalization plan by Government of India is expected to push credit growth in the country to 10 per cent.

1.2 Outlook for 2018-19

Global growth forecasts for 2018 and 2019 have been revised upward by 0.2 percentage point to 3.9 percent and 4.0 percent respectively on account of stronger activity and robust global demand. The improvement in global economic conditions offers greater scope for policymakers to shift from a short-term focus that is inevitably part of coping with crises, towards addressing longer-term challenges and eliminating deep-rooted barriers to development.

On the domestic front, IMF has projected Indian economy to grow at 7.4% in FY 19 and 7.8% in FY 2020, with inflation expected to be around 4.96%. Economic activity is expected to accelerate with the strengthening of investment activity, supported by consumption demand and robust credit growth. The private consumption expenditure is expected to receive a boost from remonetisation and lower borrowing costs. Rise in crude prices could however play a spoilsport.

Union Budget 2018 was the first budget after big-ticket economic reforms like the Goods and Services Tax, dynamic fuel pricing and mega PSU bank recapitalization. The various proposals in the Union Budget 2018-19 with regards to launching of Operation Green, doubling farmer's income by 2022, focus on Make-in-India products, boosting the rural economy and affordable housing and increase in capital expenditure will act as a catalyst for growth.

Banking sector is also expected to be benefitted by the amendment in Insolvency and Bankruptcy Code 2016 and the innovations in the form of massive adoption of Artificial intelligence and Blockchain technology being undertaken by the fintech companies.

2. Performance Highlights 2017-18

Your Bank was placed under Prompt Corrective Action (PCA) by RBI in June 2017, in view of its high net NPA. Bank therefor had prepared or Monitorable Action Plan for FY 17-18 to improve its position.

1. आपके बैंक का कुल व्यवसाय पिछले वर्ष के ₹ 240590 करोड़ की तुलना में 31.03.2018 को ₹ 233626 करोड़ रहा.
2. कुल जमाराशियां पिछले वर्ष के ₹ 139053 करोड़ की तुलना में ₹ 138981 करोड़ रहीं.
3. औसत जमाराशियां पिछले वर्ष के ₹ 133392 करोड़ की तुलना में 31.03.2018 को ₹ 134294 करोड़ रहीं. पिछले वर्ष की तुलना में 0.68% वृद्धि दर्ज हुई.
4. कासा जमा राशि पिछले वर्ष के आंकड़े ₹ 62419 करोड़ की तुलना में ₹ 66345 करोड़ रही (6.29 % की वृद्धि). कुल कासा का प्रतिशत 47.74 % रहा.
5. बैंक की नीति के परिणामस्वरूप बड़े कॉर्पोरेट अग्रिमों पर निर्भरता के बजाय खुदरा अग्रिमों पर ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरूप बैंक की सकल प्रगति ₹ 31.03.2017 के ₹ 101537 करोड़ की तुलना में 31.03.2018 को ₹ 94645 करोड़ रही.
6. पिछले वर्ष ₹ 1827.07 करोड़ की तुलना में 31.03.2018 को आपके बैंक का परिचालनगत लाभ ₹ 2191.42 करोड़ रहा.
7. 31.03.2018 को प्रति शाखा व्यवसाय ₹ 126.56 करोड़ है.
8. 31.03.2018 को प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹ 18.07 करोड़ है.

2.1 ऋण का क्षेत्रवार विनियोजन

विवरण	31.03.2018 को बकाया ₹ करोड़ में	कुल बकाया से प्रतिशत	31.03.2017 को बकाया ₹ करोड़ में	कुल बकाया से प्रतिशत
उद्योग	44671.77	47.20%	44811.65	44.13%
इसमें से				
i. अवसंरचनात्मक	8927.06	**9.43%**	9931.29	**9.78%**
ii. रसायन, डाय व पेन्ट इत्यादि	1930.20	**2.04%**	3128.00	**3.08%**
iii. पेट्रोलियम	341.74	**0.36%**	1018.97	**1.00%**
iv. लोहा व स्टील	4699.00	**4.96%**	4975.65	4.90%
v. एनबीएफसी व व्यापार	14182.77	**14.99%**	13784.69	**13.58%**
vi. इंजीनियरिंग	3246.19	**3.43%**	3537.38	**3.48%**
vii. निर्माण	5.04	**0.01%**	119.84	**0.12%**
viii. अन्य उद्योग	11339.77	**11.98%**	8315.83	8.19%
कृषि	15066.63	15.92%	15491.45	15.26%
एमएसएमई	16283.00	17.20%	20419.50	20.11%
आवास	13572.69	14.34%	13595.25	13.39%
शिक्षा	995.25	1.05%	891.05	0.88%
निर्यात	1209.66	1.05%	1212.71	1.19%
वाणिज्यिक भू संपदा	3189.00	3.37%	5115.21	5.04%
सकल अग्रिम	94645.00	146.97%	101536.82	144.13%

2.2 गुणवत्ता और एनपीए प्रबंधन

बैंक ने सभी अंचल कार्यालयों में ''आस्ति वसूली कक्षों (एआरसी)'' की **स्थापना की है** ताकि उन्नयन और एनपीए वसूली के लिए ध्यान केंद्रित करने का प्रयास सुनिश्चित किए जा सकें. बैंक ने अपने अंचल में बारह आस्ति वसूली शाखाएं (एआरबी) भी स्थापित की हैं, जो बड़े एनपीए खाते विशेषकर जहां कानूनी कार्रवाई चल रही है, ताकि बड़े एनपीए पर ध्यान केंद्रीत कर सके.

इरादतन चूककर्ताओं की पहचान, बट्टे खाते में वसूली का बढ़ोत्तरी, डीआरटी/ सरफेसी अधिनियमों के अंतर्गत कार्रवाई को गति प्रदान करने के लिए बैंक ने अपने प्रधान कार्यालय में अलग कक्ष की भी स्थापना की है.

1. Total Business of your Bank stood at ₹ 233626 crore as on 31.03.2018 as compared to ₹ 240590 crore last year.
2. Total deposit stood at ₹ 138981 crore as compared to ₹ 139053 crore last year.
3. Average Deposits stood at ₹ 134294 crore as on 31.03.2018 as compared to ₹ 133392 crore last year, registering a growth of 0.68% over last year.
4. CASA deposit stood at ₹ 66345 crore against last year figure of ₹ 62419 crore (growth of 6.29%). Total CASA percentage stood at 47.74%.
5. Gross advances of the Bank stood at ₹ 94645 crore as on 31.03.2018 in comparison to ₹ 101537 crore as on 31.03.2017 as a result of Bank's policy to focus more on retail advances instead of dependence on big corporate advances.
6. Operating Profit of your Bank reached ₹ 2191.42 crore as on 31.03.2018 as compared to ₹ 1827.07 crore last year.
7. Business per branch is ₹ 126.56 Crore as on 31.03.2018.
8. Business per employee is ₹ 18.07 crore as on 31.03.2018.

2.1 Sectoral Deployment of Credit

Particulars	O/s as on 31.03.2018 ₹ crore	Percentage to total O/s	O/s as on 31.03.2017 ₹ crore	Percentage to total O/s
Industry	44671.77	47.20%	44811.65	44.13%
Of which				
i. Infrastructure	8927.06	**9.43%**	9931.29	**9.78%**
ii. Chemicals, Dyes, Paints etc	1930.20	**2.04%**	3128.00	**3.08%**
iii. Petroleum	341.74	**0.36%**	1018.97	**1.00%**
iv. Iron and Steel	4699.00	**4.96%**	4975.65	4.90%
v. NBFCs and Trading	14182.77	**14.99%**	13784.69	**13.58%**
vi. Engineering	3246.19	**3.43%**	3537.38	**3.48%**
vii. Construction	5.04	**0.01%**	119.84	**0.12%**
viii. Other Industries	11339.77	**11.98%**	8315.83	8.19%
Agriculture	15066.63	15.92%	15491.45	15.26%
MSME	16283.00	17.20%	20419.50	20.11%
Housing	13572.69	14.34%	13595.25	13.39%
Education	995.25	1.05%	891.05	0.88%
Exports	1209.66	1.05%	1212.71	1.19%
Commercial Real estate	3189.00	3.37%	5115.21	5.04%
Gross Advances	94645.00	146.97%	101536.82	144.13%

2.2 Quality and NPA Management

The Bank has set up "Asset Recovery Cells (ARC)"" at all zonal offices to ensure focused efforts for upgradation and NPA recovery. Twelve Asset Recovery Branches (ARBs) have also been set up across the Bank's Zones for large NPA a/cs more particularly where legal actions are in progress so as to make focused follow up.

The Bank has also set up separate Cells at its Head Office for identification of Wilful Defaulters, increasing recovery in Written Off accounts, gearing up the actions under DRT / SARFAESI Acts.

बैंक स्वप्रेरणा से गैर भेदभावपूर्ण और गैर विवेकाधीन एक बारगी निपटान (ओटीएस) योजनाओं को लागू कर रहा है. 2017-18 के दौरान बैंक ने ऐसी निम्नलिखित ओटीएस योजनाओं की शुरूआत की है:

1) ''**घर घर दस्तक योजना**'' (जीजीडीवाई) की शुरूआत ₹ 10 लाख तक के लघु एनपीए उधारकर्ताओं के लिए की गई है.

2) ''**महामुक्ति - 2017-18 (ए)**'' और ''**महामुक्ति - 2017-18 (बी)**'' : इन योजनाओं की शुरूआत क्रमशः ₹ 10 लाख से अधिक और ₹ 1 करोड़ तक के बही शेष और ₹ 1 करोड़ से अधिक से ₹ 25 करोड़ तक के बही शेष वाले एनपीए के लिए की गई है.

3) ''**महाबैंक कर्जमुक्ति योजना**'': ₹ 25 लाख तक नियमित रूप से बट्टे खाते (आरडब्लूओ) में वसूली के लिए एक ओटीएस योजना है जिसकी शुरूआत पिछले वर्ष की गयी थी और 2017-18 के दौरान इसे जारी रखा गया था.

4) **सीएसएमएसएसवाई-2017**: महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य में किसानों के लिए ''छत्रपति शिवाजी महाराज शेतकरी सम्मान योजना 2017'' (सीएसएमएसएसवाई-2017) के नामक ऋण राहत योजना की घोषणा की है. महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रस्तावित सीएसएमएसएसवाई-2017 के अंतर्गत बैंक ने विनिर्दिष्ट एनपीए खातों के एकबारगी निपटान के लिए एक योजना की शुरूआत की है.

₹ 1.00 करोड़ से ₹ 10.00 करोड़ तक देय राशि के एनपीए खातों के मामले में '**रिज़ॉल्यूशन एजेंटों**' को चयनित आधार पर नियुक्त किया जाता है ताकि शुरुआती संकल्प हो सके. छोटे एनपीए खातों (₹ 25 लाख तक) में त्वरित वसूली के लिए **वसूली प्रतिनिधि** की सेवाएं जुड़ी हुई हैं.

बैंक ने दौरे, पत्र, नोटिस, वसूली शिविर, लोक अदालतों, सरफेसी / डीआरटी अधिनियम के माध्यम से चूककर्ता उधारकर्ताओं पर गहन अनुवर्ती कार्रवाई की है. बैंक ने दिवालिया और शोधन अक्षमता कोड - 2016 के प्रवाधानों के अंतर्गत भी विभिन्न बड़े एनपीए उधारकर्ताओं के विरूद्ध कार्रवाई शुरू की है.

भारिबैं के दिनांक 02 अप्रैल 2018 के पत्र डीबीआर क्र. बीपी 8756/21.04.048/2017-18 के अनुसरण में एनसीएलटी खातों में प्रावधानीकरण आवश्यकताओं को रक्षित अंश के 50% से कम कर 31 मार्च, 2018 को रक्षित अंश का 40% किया गया है। बैंक ने उपलब्ध सुपुर्दगी का विकल्प प्राप्त किया है और तदनुसार प्रावधान किया है। रू. 389.83 करोड़ का शेष प्रावधान भारिबैं के निदेशों के अनुक्रम में दिनांक 30.06.2018 को समाप्त तिमाही में किया जाएगा।

अनर्जक आस्तियों की स्थिति निम्नानुसार है;

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.18 के अनुसार राशि	31.03.17 के अनुसार राशि	प्रतिशत (+/-)
सकल एनपीए	18433	17189	7.24%
सकल अग्रिमों का %	19.48%	16.93%	XXX
निवल एनपीए	9641	11230	(14.14)%
निवल अग्रिमों का %	11.24%	11.76%	XXX
नकदी वसूली	1960.51	876.42	123.70%

2.3 विदेशी मुद्रा कारोबार

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17	प्रतिशत (+/-)
कुल एफईएक्स व्यवसाय टर्नओवर	589806	598503	-1.45%
व्यापारी व्यवसाय टर्नओवर	30687.93	36851.97	-16.72%
एफईएक्स व्यवसाय में लाभ	110.16	101.91	8.10%

Bank has been implementing Suo Motu non-discriminatory and non-discretionary One Time Settlement (OTS) Schemes. During 2017-18, the Bank introduced following such OTS schemes:

1) **"Ghar Ghar Dastak Yojana"** (GGDY) was introduced for Small NPA borrowers up to ₹ 10 lakhs.

2) **"MahaMukti – 2017-18 (A)"** and **"MahaMukti – 2017-18 (B)":** These schemes were introduced for NPAs having ledger balance above ₹ 10 lakhs up to ₹ 1 crore and ledger balance above ₹ 1 crore up to ₹ 25 crore respectively.

3) **"Mahabank Karjmukti Yojana:** an OTS scheme for recovery in Regular Written Off (RWO) a/cs up to Rs 25 lakhs introduced in previous year was continued during 2017-18.

4) **CSMSSY-2017:** The Government of Maharashtra announced a loan waiver scheme, named as "Chhatrapati Shivaji Maharaj Shetkari Sanman Yojana 2017" (CSMSSY-2017) for farmers in the State of Maharashtra. The Bank introduced a scheme for one time settlement of Specified NPA accounts under CSMSSY - 2017 as proposed by Government of Maharashtra.

Resolution Agents are appointed on selective basis in case of NPA a/cs with dues of ₹ 1.00 crore to ₹ 10.00 crore; so as to have an early resolution. For increasing recovery in smaller NPA accounts (up to ₹ 25 lakhs) the services of **Recovery Agents** are engaged.

Bank has also made intensive follow up with the defaulting borrowers through visits, letters, notices, Recovery Camps, Lok Adalats, actions under SARFAESI / DRT Act. The Bank has also initiated action under the provisions of the Insolvency & Bankruptcy Code 2016 against various large NPA borrowers.

In accordance with RBI letter DBR No. BP 8756/21.04.048/2017-18 dated April 02, 2018, the provisioning requirements in respect of NCLT accounts is reduced from 50% of secured portion to 40% of secured portion as of March 31, 2018. The Bank has availed the option of dispensation available and made provision accordingly. The remaining provision of ₹ 389.83 crore shall be made in the quarter ending 30.06.2018 in line with RBI Directives.

Position of Non-Performing Assets is as under;

(₹ in crore)

Particulars	Amt. as on 31.03.18	Amt. as on 31.03.17	Percentage (+/-)
Gross NPA	18433	17189	7.24%
% to Gross advances	19.48%	16.93%	XXX
Net NPA	9641	11230	(14.14)%
% to Net advances	11.24%	11.76%	XXX
Cash Recovery	1960.51	876.42	123.70%

2.3 Foreign Exchange Business

(₹ in crore)

Particulars	2017-18	2016-17	Percentage (+/-)
Total FEX Business Turnover	589806	598503	-1.45%
Merchant Business Turnover	30687.93	36851.97	-16.72%
Profit in FEX Business	110.16	101.91	8.10%

बैंक के ग्राहकों की अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंक के पास देश भर में 35 'बी' श्रेणी की शाखाएं हैं. 'ए' श्रेणी की शाखा के रूप में मुंबई स्थित टीआईबीबी के अतिरिक्त.

2.4 निवेश

एसएलआर और गैर-एसएलआर निवेश में निवेश का ब्रेकअप निम्नानुसार दिया गया है:

- 31.03.2018 को सकल निवेश ₹ 44162.86 करोड़ रहा, जिसमें से ₹ 34469.75 करोड़ एसएलआर प्रतिभूतियां और ₹ 9693.11 करोड़ गैर-एसएलआर प्रतिभूतियां हैं. 31.03.2018 को अतिरिक्त एसएलआर प्रतिभूतियां ₹ 7085.16 करोड़ रही.
- निवल निवेश (प्रावधानों का निवल) 31.03.2017 के ₹ 38590.18 करोड़ की तुलना में 31.03.2018 को ₹ 43622.80 करोड़ रहा. परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) श्रेणी के अंतर्गत निवेश का 69.82% शामिल है, जबकि विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस) 31.03.2018 तक कुल निवेश पोर्टफोलियो का 30.17% शामिल है. निवेश गतिविधि से निवल ब्याज आय में पिछले वर्ष के दौरान ₹ 2829.47 करोड़ से बढ़कर ₹ 2962.41 करोड़ हो गया (4.70% की वृद्धि).
- 31.03.2018 को गैर-निष्पादन निवेश ₹ 738.10 करोड़ रहा.

2.5 व्यापारी बैंकिंग :

बैंक ने वर्ष के दौरान जारीकर्ता और भुगतानकर्ता एजेंट (आईपीए) के रूप में अपने ग्राहकों के लिए ₹ 36445 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 30170 करोड़) के वाणिज्यिक पत्र के 75 मामलों (पिछले साल 70 मामले) का संचलन किया है.

2.6 उधारियां :

31 मार्च 2018 को बैंक की उधारियां निम्नानुसार पुनःवित्त सहित ₹ 4063.71 करोड़ रही;

क्र.	विवरण	31.03.2018 को राशि	31.03.2017 को राशि	प्रतिशत (+/-)
1.	कुल उधारियां	4063.71	8136.65	(50.06)
2.	सीबीएलओ के अंतर्गत उधारियां	0.00	0.00	
3.	पुनःवित्त से:			
3.1	नाबार्ड	280.00	420.00	(33.33)
3.2	एक्जिम बैंक	67.57	324.25	(79.16)
3.3	भारतीय रिज़र्व बैंक	0.00	0.00	0.00
3.4	एनएचबी	185.26	277.89	(33.33)
3.5	मुद्रा	182.53	370.81	(50.78)
3.6	सिडबी	0.00	1500.00	(100.00)
4.	बांड व डिबेंचर पूंजी लिखतों के रूप में उधारियां	3300.00	5225.00	(36.84)
5.	भारत के बाहर उधारियां	48.31	18.65	159.00
6.	अन्य	0.05	0.05	0.00

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, कॉल विकल्प का उपयोग कर ₹ 1925.00 करोड़ की राशि के लिए बैंक ने बेसल II/बेसल III शिकायत बांडों को पुनःपरिशोधित किया है. बैंक अपनी आस्ति देयता प्रबंधन के हिस्से के रूप में उधारी लेता है.

2.7 निक्षेपी सेवाएं

- बैंक सितंबर 1999 से ही भारतीय केंद्रीय निक्षेपी सेवाएं लिमिटेड (सीडीएसएल) का निक्षेपी सहभागी (डीपी) है.
- बैंक में मूल सेवा डी-मैट खाता सुविधा (बीएसडीए) का शुरूआत भी की है.

Bank has 35 "B" Category branches across the country catering to the International business needs of the customers of the Bank apart from TIBB at Mumbai as "A" category branch.

2.4 Investment

The breakup of Investments into SLR & Non-SLR investments is given below:

- The Gross Investments as on 31.03.2018 stood at Rs 44162.86 crore, of which ₹ 34469.75 crore are SLR securities and ₹ 9693.11 crore are Non-SLR Securities. The excess SLR securities as on 31.03.2018 stood at Rs 7085.16 crore.
- The net investments (net of provisions) stood at ₹ 43622.80 crore as on 31.03.2018 as compared to ₹ 38590.18 crore as on 31.03.2017. Investments under Held to Maturity (HTM) category consist of 69.82%, while Available for Sale (AFS) comprised of 30.17% of total investment portfolio as of 31.03.2018. The net interest income from investment activity increased to ₹ 2962.41 crore from ₹ 2829.47 crore during the last year (growth of 4.70%).
- The Non-Performing Investments stood at ₹ 738.10 crore as on 31.03.2018.

2.5 Merchant Banking:

The Bank handled 75 issues (previous year 70 issues) of Commercial paper amounting to ₹ 36445 crore (previous year ₹ 30170 crore) for its clients as an Issuing and Paying Agent (IPA) during the year.

2.6 Borrowings:

The borrowing of the Bank as on 31st March 2018 stood at ₹ 4063.71 crore including re-finance as under;

Sr. No.	Particular	Amount as at 31.03.2018	Amount as at 31.03.2017	Percentage (+/-)
1.	Total Borrowing	4063.71	8136.65	(50.06)
2.	Borrowing under CBLO	0.00	0.00	
3.	Refinance from:			
3.1	NABARD	280.00	420.00	(33.33)
3.2	EXIM BANK	67.57	324.25	(79.16)
3.3	RBI	0.00	0.00	0.00
3.4	NHB	185.26	277.89	(33.33)
3.5	MUDRA	182.53	370.81	(50.78)
3.6	SIDBI	0.00	1500.00	(100.00)
4.	Borrowings in the form of Bonds & debentures capital instruments	3300.00	5225.00	(36.84)
5.	Borrowings outside India	48.31	18.65	159.00
6.	Others	0.05	0.05	0.00

During the FY 2017-18, Bank has redeemed Basel II /Basel III Compliant Bonds for an amount of ₹ 1925.00 crore by exercising call option. Bank undertook borrowing as part of its asset liability management.

2.7 Depository Services

- Bank is Depository Participant (DP) of Central Depository Services of India Ltd. (CDSL) since September 1999.
- The Bank has also introduced Basic Services Demat Account Facility (BSDA)

2.8 बैंकएश्योरेन्स

- फरवरी 2018 के माह में बैंकएश्योरेंस के अंतर्गत, बैंक ने मेसर्स फ्यूचर जेनेरली (गैर जीवन बीमा कंपनी) तथा मेसर्स सिग्ना टीटीके (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमा कंपनी) नामक दो नए भागीदारों को जोड़ा है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान हमने जीवन बीमा व्यवसाय में दो अतिरिक्त भागीदारों यथा- मेसर्स अवीवा लाइफ इंश्यूरेंस कंपनी और मेसर्स रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्यूरेंस कंपनी को जोड़ा है.
- 31.03.2018 को भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ बैंकएश्योरेन्स व्यवसाय में 1241 शाखाओं ने लॉगइन किया है.
- महास्वास्थ्य योजना के प्रचार हेतु बैंक ने एक पोर्टल का सृजन किया है. टी+3 दिनों में सभी नए तथा नवीकरण मामलों का कार्य इस पोर्टल के माध्यम से किया जाता है. अब इंटरनेट बैंकिंग सुविधा वाला ग्राहक ऑनलाइन भुगतान करके तत्काल पॉलिसी जेनरेट कर सकता है. इस वर्ष, 31.03.2018 तक, 67 बैंक शाखाओं को बीमा शाखा घोषित किया गया है.
- वर्ष 2017-18 के दौरान 5221 जीवन बीमा पॉलिसियां एवं 148480 गैर-जीवन पॉलिसियां तैयार की गई.
- बैंक ने वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने जीवन बीमा से ₹ 6.00 करोड़ एवं गैर जीवन बीमा व्यवसाय से ₹ 9.20 करोड़ का कमीशन अर्जित किया.

2.9 सरकारी कारोबार

- शाखाओं द्वारा वर्ष 2017-18 के दौरान, कुल 692312 प्रत्यक्ष कर चालान और 97263 अप्रत्यक्ष करों के चालान वसूले गए. हमारी शाखाएं महाराष्ट्र राज्य के जीआरएएस सहित अन्य राज्य सरकारों के करों का भी संग्रहण करती हैं और वर्ष के दौरान कुल 1074402 चालान संग्रहित किए गए. केंद्र/ राज्य सरकार से कर वसूली व्यवसाय पर पिछले वर्ष संग्रहीत ₹ 5.64 करोड़ की तुलना में वर्तमान वर्ष में ₹ 7.20 करोड़ का कुल कमीशन प्राप्त हुआ.
- वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के रूप में, बैंक केन्द्रीय पेंशन प्रोसेसिंग कक्ष (सीपीपीसी) पुणे में केन्द्र सरकार, रक्षा, रेलवे और टेलिकॉम के 110914 से भी अधिक पेंशनरों की मासिक पेंशन की गणना कर उसे खाते में जमा करने का कार्य कर रहा है. वर्ष 2017-18 के लिए सरकारी व्यवसाय (पेंशन) पर ₹ 12.16 करोड़ का कमीशन प्राप्त हुआ.

2.10 आय, व्यय और लाभप्रदता

बैंक की कुल आय वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹ 13570 करोड़ से वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹ 12602 करोड़ की हो गई.

विस्तृत आय/ व्यय घटक निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17	अंतर (प्रतिशत)
अग्रिमों/ बिलों पर ब्याज/ छूट	7072.71	8469.96	(16.50)%
निवेशों पर आय	2962.41	2829.47	4.70%
अंतर बैंक उधारी पर ब्याज एवं अन्य ब्याज	1061.30	762.53	39.18%
कुल ब्याज आय	**11096.42**	**12061.96**	(8.00)%
गैर ब्याज आय	1506.06	1508.07	(0.13)%
कुल आय	**12602.48**	**13570.03**	(7.13)%
जमा पर ब्याज	7133.17	8075.59	(11.67)%
उधारी पर ब्याज	11.49	11.61	(1.03)%
अन्य ब्याज व्यय	562.02	800.07	(29.75)%
कर्मचारी व्यय	1618.06	1807.29	(10.47)%
अन्य प्रचालनगत व्यय	1086.32	1048.40	3.62%

2.8 Bancassurance

- Bank had added two new partners namely M/s Future Generali (Non-Life Insurance Company) and M/s Cigna TTK (Standalone Health Insurance Company) under Bancassurance in the month of Feb.2018. We have added two more partners in life insurance business i.e. M/s Aviva Life Insurance Company and M/s Reliance Nippon Life Insurance Company during FY 2017-18.
- 1241 branches are logged in as of 31.03.2018 for LIC Bancassurance business.
- Bank had created portal for Popularization of Mahaswastya Yojana, all new as well as renewal of cases are done through the portal in T+3 days. Now, the customer having internet banking facility can make the payment online and generate the policy instantaneously. This year, till 31.03.2018, 67 bank branches declared as BIMA Branch.
- During the year 2017-18, 5221 life policies and 148480 Non-Life policies were made.
- The Bank earned a commission of ₹ 6.00 crore from life insurance and ₹ 9.20 crore from non-life insurance business during the year 2017-18.

2.9 Government Business

- During the year 2017-18, 692312 challans of Direct Taxes and 97263 challans of Indirect taxes were collected by the branches. Our Branches are also collecting other State Govt. taxes including GRAS of Maharashtra State and the total number of Challans collected during the Year is 1074402. Total commission to the tune of ₹ 7.20 Crore was received on Tax collection business from Central/State Government in current year compared to ₹ 5.64 crores collected in previous year.
- As a service to senior citizens, the Bank is processing and crediting monthly pension payments of more than 110914 Central Government, Defence, Railway and Telecom pensioners at Central Pension Processing Cell (CPPC), Pune. The commission on Government Business (Pension) for the Year 2017-18 is ₹ 12.16 crore.

2.10 Income, Expenditure and Profitability

The total income of the Bank stood at ₹ 12602 crore in FY 2017-18 as compared to ₹ 13570 crore in FY 2016-17 .

The detailed income/ expenditure components are as under:

(₹ in crore)

Particulars	2017-18	2016-17	Variation (per cent)
Interest / discount on advances / bills	7072.71	8469.96	(16.50)%
Income on investments	2962.41	2829.47	4.70%
Interest on interbank lending & other Interest	1061.30	762.53	39.18%
Total interest income	**11096.42**	**12061.96**	(8.00)%
Non-interest income	1506.06	1508.07	(0.13)%
Total Income	**12602.48**	**13570.03**	(7.13)%
Interest on deposits	7133.17	8075.59	(11.67)%
Interest on borrowings	11.49	11.61	(1.03)%
Other Interest expenditure	562.02	800.07	(29.75)%
Staff expenses	1618.06	1807.29	(10.47)%
Other Operating expenses	1086.32	1048.40	3.62%

(₹ करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17	अंतर (प्रतिशत)
कुल गैर-ब्याज व्यय	**2704.38**	**2855.69**	(5.30)%
कुल व्यय	**10411.06**	11742.96	(11.34)%
प्रचालनगत लाभ	2191.42	1827.07	19.94%
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं	3337.05	3199.58	4.30%
निवल लाभ	(1145.65)	(1372.51)	(16.53)%

2.11 वित्तीय अनुपात :

विवरण	2017-18	2016-17
ईपीएस (₹)	(8.98)	(11.75)
आय से लागत का अनुपात (प्रतिशत)	55.24	60.98
